भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2292
(जिसका उत्तर सोमवार, 08 मार्च, 2021/17 फाल्गुन, 1942 (शक) को दिया जाना है।)

ओडिशा में एफडीआई का अंतःप्रवाह

2292. श्री महेश साहूः
क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास ओडिशा में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) के अंतःप्रवाह संबंधी सूचना है और यदि हां, तो वर्ष 2018 और 2019 के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या ओडिशा में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश अंतःप्रवाह पश्चिम बंगाल तथा आंध्र प्रदेश जैसे अन्य पड़ोसी राज्यों से तुलनीय स्तर पर है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) ओडिशा में किन-किन क्षेत्रों में एफडीआई का अंतःप्रवाह हो रहा है और क्या सरकार द्वारा ओडिशा में एफडीआई में माहौल से संबंधित मुद्दों पर कोई अध्ययन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क), (ख) और (ग): राज्यवार एफडीआई इक्विटी अंतःप्रवाह अक्तूबर, 2019 के बाद से रखे जाते हैं। इससे पहले, एफडीआई आंकड़े क्षेत्रवार रखे जाते थे। अक्तूबर, 2019 से नवम्बर, 2020 तक उड़ीसा से संबंधित क्षेत्रवार एफडीआई इक्विटी अंतःप्रवाह को ब्यौरे सहित अक्तूबर, 2019 से नवम्बर, 2020 तक उड़ीसा और उसके पड़ोसी राज्यों के एफडीआई अंतःप्रवाह के ब्यौरे को दर्शाने वाला विवरण **अनुलग्नक-I** पर है।

अनुलग्नक-I

ओडिशा और उसके पड़ोसी राज्यों से संबंधित अक्तूबर, 2019 से नवम्बर, 2020 तक एफडीआई इक्विटी अंतःप्रवाह से संबंधित विवरण:

क्र.सं.	राज्य का नाम	2019-20 (अक्तूबर, 2019 से मार्च, 2020)	2020-21 (अप्रैल, 2020 से नवम्बर, 2020 तक)	संचयी एफडीआई
		(मिलियन अमरीकी डॉलर में)	(मिलियन अमरीकी डॉलर में)	संचयी (मिलियन अमरीकी डॉलर में)
1.	ओडिशा	13.05	16.58	29.63
2.	आंध्र प्रदेश	205.96	59.08	265.04
3.	छत्तीसगढ़	0.03	0.00	0.03
4.	तेलंगाना	679.86	837.13	1516.99
5.	पश्चिम बंगाल	190.21	391.05	581.26

अक्तूबर, 2019 से नवम्बर, 2020 तक ओडिशा के सेक्टरवार एफडीआई इक्विटी अंतःप्रवाह से संबंधित विवरण

क्र.सं.	क्षेत्र	2019-20 (अक्तूबर, 2019 से मार्च, 2020)	2020-21 (अप्रैल, से 2020 नवम्बर, 2020 तक)	संचयी एफडीआई
		(मिलियन अमरीकी डॉलर में)	(मिलियन अमरीकी डॉलर में)	संचयी (मिलियन अमरीकी डॉलर में)
1.	धातुकर्म उद्योग	11.44	14.14	25.57
2.	बिजली	0.69	0.19	0.88
3.	कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर एंड हार्डवेयर	0.05	0.02	0.07
4.	वनस्पति तेल एवं वनस्पति	0.84	0.24	1.07
5.	सेवा क्षेत्र (वित्त, बैंकिंग, बीमा, गैर-वित्त/व्यवसाय, आउटसोर्सिंग, आरएंडडी, कूरियर, तकनीकी जांच एवं विश्लेषण, अन्य)	-	1.86	1.86
6.	शिक्षा	0.03	0.11	0.14
7.	कृषि सेवा	-	0.01	0.01
8.	विविध उद्योग	-	0.01	0.01
	कुल:	13.05	16.58	29.63

*****